[Shri Mohd. Shafi Qureshi]

production of the commodity which is coming under protection. Then, the scale of output of the protected industry, the quality of the protected commodity, the prospects of future expansion of the protected industry etc., have all to be looked into. Future expansion includes the export potential and also the import substitution which has very rightly been suggested by the hon. Member. Then the Commission has also to look into the relative competitive position of the industry and the factors entering into it as also other factors having a bearing on the usefulness of the industry to the country's economy. All these are very broad features which are taken into consideration by the Commission before protection is given to any particular industry.

In this case, unfortunately, the report of the Commission could not be available to us in time. In order to get the Commission's report it has been suggested by the Commission itself that it would take another year for them to complete the report. Therefore, up to that time it had become necessary to grant the protection to both dyestuff and automobile industry because, as I have earlier explained in my speech, protection to these industries is very necessary.

Without making any long speech, I quite agree with the suggestions the hon. Member has made and I can assure him that the Commission taking into consideration all these factors while granting protection to any particular industry.

With these words I commend the motion to the acceptance of the House.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill further to amend the Indian Tariff Act, 1934 be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN : There is one amendment to clause 2 but the hon. Member who has tabled it is not present in the House. There are no other amendments. I shall put all the clauses together. The question is :

"That clauses 1 and 2, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1 an 2, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : Sir, I beg to move :

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN : The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

---

16.05 hrs.

## *DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (HARYANA), 1967-68

MR. CHAIRMAN : The House will now take up discussion and voting on the Supplementary Demands for Grants in respect of the budget for the State of Haryana for 1967-68.

DEMAND No. 16—28-EDUCATION

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 23,60,810 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of '28—Education'."

DEMAND No. 42—78 A EXPENDITURE CONNECTED WITH NATIONAL EMERGENCY

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,03,800 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of '78-A Expenditure connected with National Emergency'."

*Moved with the recommendation of the President.

DEMAND NO. 44—96-CAPITAL OUTLAY ON INDUSTRIAL AND ECONOMIC DEVELOPMENT

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 52,37,500 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of '96—Capital Outlay on Industrial and Economic Development'."

DEMAND NO. 47—103-CAPITAL OUTLAY ON PUBLIC WORKS

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of '103—Capital Outlay on Public Works'."

DEMAND NO. 49—114-CAPITAL OUTLAY OF ROAD AND WATER TRANSPORT SCHEMES

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 30,00,000 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of '114—Capital Outlay on Road and Water Transport Schemes'."

DEMAND NO. 52—LOANS AND ADVANCES BY STATE GOVERNMENT

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968 in respect of 'Loans and Advances by State Government'."

All the Demands are before the House now. Hon. Members may not move the cut motions, subject to their being otherwise admissible.

SHRI SURAJ BHAN : I beg to move :

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 23,60,810 in respect of 'Education' be reduced by Rs. 100."

[Proposed enchancement in the fees charged by students up to middle standard. (2)].

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 1,03,800 in respect of expenditure connected with 'National Emergency' be reduced by Rs. 100."

[Need to make adequate arrangements for urban security. (4)].

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 52,37,500 in respect of 'capital outlay on Industrial and Economic Development' be reduced by Rs. 100."

[Need to set up new small and medium industries. (6)].

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 30,00,000 in respect of 'Capital outlay on Road and Water Transport Schemes' be reduced by Rs. 100."

[Construction of new roads. (10)]

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 10 in respect of 'Loans and Advances by State Government' be reduced by Re. 1."

[Failure to utilise the funds allotted for the Harijan welfare. (12)].

SHRI MAHARAJ SINGH BHARTI : I beg to move :

[Shri Maharaj Singh Bharti]

"That the demand for a supplementary grant of a sum not exceeding Rs. 23,60,810 in respect of 'Education' be reduced by Rs. 100."

[Education policy. (13)].

MR. CHAIRMAN : The cut motions are also before the House.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohatak) : Mr. Chairman, Sir, it gives me genuine pleasure to speak about the State of Haryana on the floor of this august House. I feel as if I am speaking in the Haryana Assembly, because this is for the first time that by good fortune I have been allowed to speak entirely about my own State, about my own constituency, about my own taluka and about small villages of Haryana State on the floor of this august House.

Haryana is an internationally known State for its bravery, for its hard-working peasants and for its gallant soldiers. If a Pakistani comes to hear the word 'Haryana' or if a Chinese comes to hear the word 'Haryana' he takes to his heels. He will think hundred times before he takes a step infront of a Haryana soldier.

I am grateful to you, Sir, for giving me an opportunity to speak here about my own State. It is unfortunate that so for this State has not received the treatment which is its legitimate due. Unfortunately, the same position continued even after our country become independent. This state of milk and honey, this state of gallant people, it has been treated all along as a colony. Hundred years prior to our independence, this State, which is within a distance of 100 miles from Delhi, rose in rebellion against the strongest imperialist power of the world, the British. For that, a sort of punishment was meted out to the people of this region and the State was split into 4 or 5 different States. Unfortunately for us, the people of Haryana, who number about 7 million or 8 million, absolutely against their will, they were attached with the Punjabi region.

My hon. friends from Punjab are here and I have to say with apologies to them that for over 100 years or so we were treated like untouchables, like people who are *persona non grata*, people who are not at all wanted. In every field of activity, whether it was industry or agriculture or any other sphere of life, everywhere we were given discriminatory treatment. That is why within a span of near about 100 years we were relegated to the background and we were in such an oblivious condition that we lost all initiative. We were treated like slaves by the people of the Punjabi region.

You will be surprised to know that during the span of near about 100 years not a man from Haryana rose to the peak of the office of Chief Minister, not a man from Haryana ever became a Governor, no man from Haryana ever rose to the High Court Bench as a judge. This is something which will surprise you. This is notwithstanding the fact that the people of this region are mentally very alert, well equipped, very intelligent and competent people.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K.C. PANT) : You are a good example.

SHRI RANDHIR SINGH : We had a representation of only 4 or 5 per cent in the Punjab and Central services. Not a single person from Haryana was a DC as far back as half a dozen years. There were a dozen SPs but not a man was IG or DIG.

It was good luck that for the last one year we are separated from our elder brothers, the Punjabis. I praise my hon. friends on the Treasury Benches and I am very appreciative of this fact. But even after that I have a grouse and that grouse is that the Centre is treating us in a very discriminatory manner. We have been meted

out stepmotherly treatment. People who are so alert from every point of view are being ignored. Please allow me to quote from this report which is before you.

**सभापति महोदय** : अनुपूरक मांगो पर इस वक्त चर्चा हो रही है । इन पर कुछ बोलिये ।

SHRI RANDHIR SINGH : I am taking up only these items which are here in this. 'Education' is there, 'community Development' is there, 'Harijans' is there. I will be taking up only these three or four items. This was a sort of a prelude or an introductory speech and I am grateful to you that you allowed me that.

I am taking first of all education. In the matter of education, so far as Haryana is concerned, our people have not been getting their due. You will be surprised to know that we have spent lakhs of rupees on such schools—very good buildings, very fine buildings of high schools—but there is no recognition even for a primary school.

AN HON. MEMBER: What about children ?

SHRI RANDHIR SINGH: We have children in plenty. There are so many children that you cannot count them. We are very industrious people and we do not lag behind even in producing children.

You will be surprised to know that there are first class buildings and first class fences but no recognition for the schools. That is entirely due to the Government. Unfortunately for us we had a government for the last six months which did nothing absolutely. That was a slur on Haryana that we had type of Government. I am grateful to the Treasury Benches that that government is dismissed now.

Now, because this august House is functioning as the Haryana Assembly and because this Government has taken over the administration of Haryana, I feel that within a span of 5 or 6 months which, I should say, should be extended—the President's rule, I say with all emphasis at my command, should not be less than two years... (*Interruption*).

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) Why ?

SHRI RANDHIR SINGH: My hon. friend has asked, "Why". The administration had gone to such a level that all the leaders of political parties and the so-called ministers who were there are being mocked at by the people. Those people are trying their utmost to come back to gadi. God save Haryana if those people are returned. So, you should give sufficient time to the people of Haryana to think over about those turn-coats, about those Ayarams and Gayarams. They have become very rich; they have got money and they would like to grab people. What I meant say is that at least two years time is needed for the President's rule in Haryana. Not only I say this but the people also say. The important Opposition leaders like Mr. Lahri Singh of Jan Sangh—he did not contest this time—and Mr. Sriram Sharma have given articles in the press that in Haryana, at least for two years, the President's rule is needed. We feel that if those people of that calibre are brought to power or they have a chance to come back, they will eat up my State again. It is a slur that these type of people should be there.

Sir, as I was speaking about education, we do not have even primary schools. If you go to Punjab region, every big village has a college; every big village has a girls school and every big village has an I.T.I. But for us, even in a big village, we do not have even a primary school. Our people have contributed so much, we have produced I.N.A. people and we have fought in the jungles of Burma and we have fought against the British people. You know what our Haryana regiments have done on Dograi front, on Burki front and all that. So far as military is concerned, we are the top-most people from every point of

[Shri Randhir Singh]

view in the country. But we are no where. We do not get any recognition from the Government. I feel that the Treasury Benches should make note of these facts. In the matter of education, it should be taken note of seriously because, so far as Haryana is concerned, we are much backward and that backwardness must be made up.

Now, a word about the community development. The Haryana State was the first State which made a recommendation to the Central Government to do away with the community development, to wind up the Community Development Department. These BDOs, these officers, have become a scandal of jeeps. The D.C. does not have a jeep; the S. P. does not have a jeep; the S.D.M. does not have a jeep but a B.D.O. has got a jeep and he is roaming about freely in the villages with a jeep doing absolutely nothing. This Community Development Department is a liability and we have said that it should be scrapped. Not only that. I make an appeal to the Treasury Benehes that the sevaks and the sevikas have also become a scandal and I would say that the Community Development Department is a sort of parasite department doing absolutely nothing, eating into the very vitals of Haryana society. Our people do not like this. Why? They have not been able to have participation of the people in the movement. In fact there is no movement. It is a sort of imposition, a sort of liability, and I want the hon. Minister to take note of this. Recently, the Minister of Community Development made a strong recommendation and, I think, you should take serious note of that. We do not want the Community Development Department. The S.D.M. can do the job; the tahsildar can do the job.

Now, I want to say a few words about Harijans. I fully endorse and support the demands which are mentioned here. Take, for instance, the demand about the purchase of land scheme, on p. 17.

They have demanded about Rs. 5 lakhs. This is something which should be encouraged. This is a good sign; it augurs well that they are taking to cultivation. Now here is the case of Harijans who want to purchase lands. They were given a subsidy of about Rs. 2,000 each and they were asked to arrange for themselves Rs. 2,500 each, but because they could not do it, Government has thought it fit to grant a loan of Rs. 2,000 to each family. I appreciate the Government for having made this move and I endorse it fully.

The second thing is about students. Some provision has been made for the poor people to purchase books, etc. They are all poor people. This is something which will be very beneficial to the poor Harijans. So, this Demand should be accepted.

The third thing is about grant of loans to Harijans, about Rs. 5,70,000. This is for their business. This is a very good thing that is contained in these Demands for Grants and it should be accepted. I would like my hon. friends to support this.

Another thing is grant of loans for purchase of shares in weaving mills, textiles mills. There are 5,000 shares worth Rs. 5,80,000. Our Harijans should be enabled to participate in the running of sugar mills, textile mills, etc. This is a revolution. I appreciate the Minister for having put forward this item.

Another thing—of course, a small exception—is payment of debt amount to State Land Mortgage Bank. The amount given is only Rs. 85,000. This is nothing. After all, what is Rs. 85,000? This is something ridiculous. In my tehsil alone, there are more than 85,000 Harijans. Then what about the whole State? This is rather ridiculous. I therefore, make an appeal that this should be at least Rs. 85 lakhs; in fact, it should be more than Rs. 1 crore.

I am grateful to you, Sir, for having allowed me to speak. I request my hon. friends on the Opposite to sup-

port my cause for Haryana. Haryana is Haryana. It is a place of milk and honey. I would appeal through you to the hon. Minister to give us more money. We will not only give you soldiers but will also give you ghee, chees, honey, milk, etc., at a very cheap rate. Give us more and more money. We will give you grains, ghee, milk, protective food, etc. will feed the entire nation. Haryana is the Denmark of India. Please exploit it and develop it.

**श्री महाराज सिंह भारती** (मेरठ): सभापति महोदय, श्री रणधीर सिंह ने हरियाणा और पंजाब का सवाल खड़ा कर के कोई अच्छी परिपाटी नहीं डाली है । हरियाणा में जो लोग रहते हैं, वही पंजाब में रहते हैं, किसी ने दाढ़ी रख ली, कोई सिख हो गया, लेकिन वे एक ही मां-बाप की औलाद हैं । मैं समझता हूं कि इस तरह की बातें करने से कोई फायदा नहीं है ।

**श्री रणधीर सिंह** : आनरेबल मैम्बर नें तो मुझे सपोर्ट करनें का वादा किया था ।

**श्री महाराज सिंह भारती** : मैं बुद्धि-विरोधी बातों का समर्थन नहीं करूंगा ।

हरियाणा हमारे देश का करीब-करीब सब से छोटा सूबा है—इस मायने में कि जनसंख्या के हिसाब से यह मेरठ जिले से सिर्फ तीन गुना बड़ा है । आगे चल कर वह अकेला रह सकेगा या नहीं, यह आगे की बात है ।

हरियाणा की दो-तीन महत्वपूर्ण बातें हैं और इस बजट के देखने के बाद उन का ध्यान आता है । श्री रणधीर सिंह ने ठीक कहा है कि हरियाणा ने फौज को बहुत अच्छे-अच्छे नौजवान दिये हैं । फौज के सम्बन्ध में इस समय क्या कहा जाये ? मैं यह जानता हूं कि पिछली लड़ाई के समय भी हरियाणा के लोगों को फौज के सिपाही के तौर पर भर्ती होनें के लिये रिश्वत देनी पड़ी थी । लेकिन अब उन की चर्चा करना बेकार है ।

जहां तक पशु-पालन का सम्बन्ध है, मजेदार बात यह है कि छोटा-सा हरियाणा तो गाय-भैंस पालता है और दूध पीती है दिल्ली । मुझे यह देख कर हैरत हुई कि श्री रणधीर सिंह हरियाणा में दिल्ली वालों का राज लगातार दो साल तक जारी रखने का समर्थन कर रहे हैं । हरियाणा में कांग्रेसवालों की एक मजबूरी तो यह थी कि चूंकि वहां पर बहुमत दूसरों का था, इस लिये इन की कोई सरकार नहीं बन सकती थी । मजबूर हो कर उन्होंने वहां पर राष्ट्रपति शासन कायम किया । इन की दूसरी मजबूरी यह है कि अगर वहां पर नये चुनाव हों तो ये लोग साफ हो जायेंगे । लेकिन इस दूसरी मजबूरी का सामना करना इन के लिये बड़ा मुश्किल हो गया है । इस लिये अब इन को हरियाणा के लोग, वहां की जनता, घटिया लगने लगे हैं । अब ये हरियाणा की जनता को दो साल तक गुलाम रखने की बात कर रहे हैं ।

जैसा कि मैंनें अभी कहा हैं, दूध तो पैदा होता है हरियाणा में और श्री रणधीर सिंह उस को पीते हैं यहां दिल्ली में बैठ कर । हरियाणा का प्रमुख उद्योग है पशु-पालन और दूध, लेकिन इस बजट में उस का विकास करने के लिये एक धेला भी नहीं दिया गया है । उस की गाय-भैंसों, पशुओं और कैटल-फीड आदि का विकास होना चाहिये । लेकिन दूध तो दिल्ली पी जाये और क्या पशुओं का विकास हरियाणा करेगा ? वह क्यों करेगा ? इस काम के लिये केन्द्रीय सरकार की ओर से हरियाणा को स्पेशल फंड में से रुपया दिया जाना चाहिये । यह जो रुपया दिया जा रहा है, यह तो हरियाणा का ही है । वह तो डेढ़ जिले का सूबा है । उस के पास क्या रुपया रखा है ?

यह सूबा ऐसा है, जिस में लोगों की अधिक तादाद शाकाहारियों की है । वे बड़ी अच्छी खेती करने वाले लोग हैं । लेकिन अफसोस है कि इस छोटे-से सूबे में ऐसा कोई दरिया नहीं बहता है, जिस में बारह महीनें पानी बहता हो । वहां पर सब बरसाती नदी-नाले हैं ।

[श्री महाराज सिंह भारती]

वहां जमुना पड़ती है किनारे पर, जो उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच में है । जमुना की एक शाख, टोंस नदी, पर उत्तर प्रदेश में किष्मऊ बांध बनाने के लिये काफी अरसा पहले एक समझौता हो गया था । उस बांध के शुरू के काम हो चुके हैं । अगर वह बांध पूरा हो जाये, तो हरियाणा को पानी मिलेगा, उस को और कहीं से पानी नहीं मिलेगा । उस बांध से दिल्ली को भी पानी मिलेगा ।

श्री रणधीर सिंह आज हरियाणा के लोगों को बड़ा घटिया बता रहे हैं, कह रहे हैं कि 'आयाराम' और 'गयाराम' वहां पर कोई स्थायी सरकार नहीं बना सकेंगे । आज श्री रणधीर सिंह को उन लोगों पर शर्म आ रही है । लेकिन उन को इस बात पर रत्ती भर भी शर्म नहीं आई है कि दिल्ली सरकार ने इस बजट में किशाऊ बांध के लिये एक पैसा भी नहीं रखा है, ताकि हरियाणा में सिंचाई का इन्तजाम हो जाये । क्या श्री रणधीर सिंह उसी राज को लगातार दो साल तक कायम रखना चाहते हैं, जो किशाऊ बांध को मुकम्मल करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाना चाहता है ?

हरियाणा की जमीन का ढाल इस प्रकार का है कि अगर वहां पर अतिवृष्टि हो जाये, तो उस के बहुत बड़े हिस्से में पानी भर जाता है । इसी कारण इस साल वहां पर हजारों एकड़ जमीन में रबी की फसल नहीं बोई जा सकी । वहां के गर्कीवाले इलाके का पानी घुमा-फिरा कर उत्तर प्रदेश से निकालने की बात चल रही है, लेकिन अभी तक उस का कोई इन्तजाम नहीं हो पाया है । मुझे हैरत होती है कि इस बजट में गोवर्द्धन ड्रेन को बड़ा बनानें और उस पानी की निकासी का सही इन्तजाम करनें की कोई व्यवस्था नहीं की गई है । फिर भी श्री रणधीर सिंह कहते हैं कि इस राज को दो साल और चलाने की इजाजत दी जाये ।

एक तरफ तो श्री रणधीर सिंह नें यह कहा कि हरियाणा में शिक्षा का इन्तजाम नहीं है और दूसरी तरफ इस दिल्ली के हजारों लड़के रोज रेल में बैठ कर स्कूलों और कालेजों में पढ़ने के लिये हरियाणा जाते हैं ।

16·29 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मैंने यह जानने की कोशिश की कि हरियाणा के जिन कालेजों में दिल्ली के बच्च पढ़ने के लिये जाते हैं, क्या दिल्ली की सरकार ने उन को कोई विशेष ग्रान्ट दी है । मुझे पता चला है कि उन कालेजों को कोई ग्रान्ट नहीं दी गई है और अगर दी गई हो, तो मंत्री महोदय बतायें । हरियाणा सरकार के खाते से जो पैसा दिया जाता है, उस का इस से कोई सम्बन्ध नहीं है । वह तो हरियाणा का अपना पैसा है । लेकिन दिल्ली के बच्चे जहां पढ़ते हैं, क्या उन कालेजों को ग्रान्ट देना दिल्ली सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है ? दिल्ली के बच्चे पढ़ें और खर्च हरियाणा सरकार दे ! बच्चे जो थोड़ी-सी फीस देते हैं, उस से कालेज नहीं चलते हैं । दिल्ली सरकार की तरफ से उन कालेजों को विशेष अनुदान दिया जाना चाहिये था और इन डिमांडस में उस की चर्चा की जानी चाहिये थी ।

यह भी हैरानी की बात है कि जिस क्षेत्र में सब शाकाहारी लोग रहते हों, जो इतने अच्छे गाय-भैंस रखते हों, वहां पर मरनेवाली गाय-भसों की तादाद कम नहीं है । लेकिन मरी हुई गाय-भैंस का किसी को एक धेला नहीं मिलता है । मुद्दत हो गई, एक स्कीम इस मुल्क में चालू की गई थी लोथ यूटिलाइजे-शन स्कीम के नाम से कि मरी हुई लाश जो होगी जानवरों की उस को सरकार खरीद लेगी अपने केन्द्र में और उस के बाद वैज्ञानिक ढंग से उस की खाल उतारी जायेगी । उस की हड्डी और गोश्त की खाद बनाई जायेगी और उस के लिये हरियाणा सब से उपयुक्त जगह है । वहां यह स्कीम पूरी तरह से कारगर हो सकती थी लेकिन आज उस स्कीम को चलाने के ऊपर रत्ती भर ध्यान नहीं दिया गया । इसी तरीके

से बांधों के ऊपर इस में ग्रान्ट है। लेकिन कहीं इस बात का जिक्र नहीं है कि कम्पोस्ट बनाने के लिये विशेष प्रयास किया जायेगा। इतनी गन्दगी वहां उपलब्ध है चारों तरफ कि जिस से गांव की सफाई भी हो सकती है और कम्पोस्ट भी हो सकती है। तो इतना सब देखने के बाद वह आयाराम और गयाराम से बनी हुई सरकार तो घटिया थी लेकिन उस की जगह जिन लोगों नें ली है वह उन से सौ गुने घटिया हैं और अगर छः महीनें भी यह बने रह गये तो हरयाने के लोगों को शकल दिखाना और भी मुश्किल हो जायेगा। पता नहीं कैसे लोग जिन्दा रहेंगे ? इस वास्ते वहां जल्द से जल्द चुनाव की तारीख रख कर और चुनाव करा कर रेप्रेज़ेन्टेटिव सरकार को सारी जिम्मेदारी दे कर केन्द्रीय सरकार अपनें सिर पर से सारा बोझ उतार दे।

**श्री हेमराज** (कांगड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो डिमांडस आप के सामने पेश हुई है मैं उन को सपोर्ट करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जिस वक्त हमारा पंजाब सारा इकट्ठा था, हिमाचल का पहाड़ी इलाका था वह भी पंजाब का हिस्सा था और जो हरयाना प्रान्त था वह भी पंजाब का हिस्सा था, उस समय एक ही शिकायत दोनों हिस्सों की तरफ से पंजाब से रहती थी। हरयाना के भाई समझते थे कि हरयानावालों को न तो पूरी तरह से जरूरियात के मुताबिक पैसा मिलता है, न उन को नौकरियों में हिस्सा मिलता है और न किसी चीज में हिस्सा मिलता है। जहां तक हमारे पहाड़ी इलाके का सवाल था वहां पर भी यही शिकायत रही। इन के यहां तो कुछ इन को हिस्सा रुपये में से चार आने मिल भी जाता था लेकिन जहां तक हमारा ताल्लुक था पहाड़ी इलाके वालों का उन को तो एक आना भी पल्ले नहीं पड़ता था। इसी वास्ते यहां से डिमांड उठी कि यह जो इलाके है इन को अलग-अलग कर दिया जाये। आज हरयाना प्रान्त यह ठीक है कि छोटा सूबा है लेकिन इस में काफी से ज्यादा ऐसे हलात मौजूद हैं चाहे खेती के लिहाज से देखा जाये चाहे इंडस्ट्रिअलाइज़ेशन के लिहाज से देखा जाये यह इलाका जो है वह बहुत जल्दी आगे बढ़ सकता है। लेकिन उस को बढ़ाने के लिये जब यह पंजाब में इकट्ठा था उस वक्त एक कमीशन बैठा था और उस कमीशन ने एक रिपोर्ट दी थी। उस में यह दर्ज था कि इस के लिये स्पेशल ग्रान्ट हिन्द सरकार दे तो यह इलाका आगे बढ़ सकता है। लेकिन आज हमें जो सप्लीमेंट्री डिमांड पेश है उस में कोई पता नहीं चलता कि हिन्द सरकार भी इस इलाके को आगे बढ़ाने के लिये, कुछ करने के लिये तैयार नहीं। अभी आप के सामने हर व्यक्ति यह सवाल उठाता है कि यहां पर जो इलाका है उस में हमेशा पानी भरा रहता है। अगर फसल अच्छी भी हो जाये तो उस के बावजूद भी वह फसल तबाह हो जाती है पानी के ज़ोर से। तो बड़ा ज़रूरी है कि यहां पर जो ड्रेनेज का इंतज़ाम है, वह बहुत नाकिस इंतज़ाम है, उस को ठीक किया जाये। अगर हिन्द सरकार उस के लिये कदम नहीं उठाती तो हरयाने का जो इलाका है वह आगे उन्नति नहीं कर सकता। और दिल्ली जो है वह हरयाने से घिरी पड़ी है तो अब जो उन का क्लेम यह है, आज विशाल हरयाना वाले क्लेम करते हैं कि उस के अन्दर दिल्ली भी मिल जाये। लेकिन यह एक बड़ी ज़रूरी बात है कि हिन्द सरकार वहां के ड्रेनेज के सवाल को हल नहीं करती तो वहां जितनी पैदावार हो सकती है वह नहीं हो पायेगी और वह अपनी पैदावार बढ़ा नहीं सकते।

जहां तक हमारे पहाड़ी इलाके का सवाल है वहां के लोगों का एक पेशा रहा और वह था दरअसल फौज की नौकरी। डोगरे थे वह भी फौज की नौकरी से अपना गुजारा करते थे और हरयाना के जाट थे, उन का भी गुजारा फौज की नौकरी से ही था। उन्होंने बड़ी बहादुरी भी दिखाई। चाहे चाइनीज ऐग्रेशन हुआ चाहे पाकिस्तानी ऐग्रेशन हुआ सब से ज्यादा जो शहीद हुए, हाइएस्ट नम्बर रहा

[श्री हेम राज]

वह मेरे जिले का रहा और नम्बर 2 पर शायद हरयाना होगा । तो मैं समझता हूं कि इन दोनों ने जो कुर्बानियां की हैं, चूंकि डिफेंस के लिये उन्होंने जानें कुर्बान की हैं इसलिये उन को उस के बदले में कुछ न कुछ उन का हिस्सा जो उस में आता है वह तो सेंट्रल गवर्नमेंट को देना ही चाहिये । मैं समझता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट ने जो रुपया रखा है उस के अलावा और रुपया हरयाना के डेवलपमेंट के लिये दे ताकि वह इलाका आगे बढ़ सके ।

एक और बात मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जैसा कि कहा गया कि यहां मेरठ का इलाका गोवर्धन भूमि है तो मैं इस को भी गोवर्धन भूमि का इलाका समझता हूं क्योंकि यहां पर गऊओं की और बैलों की सब से बेहतरीन नस्लें हैं । उस को बेहतरीन बनाने के लिये जितना ज्यादा रुपया खर्च किया जायेगा उतना ही देश के लिये लाभदायक होगा । भारती जी कह रहे थे कि दिल्ली को हरियाणा से कुछ नहीं मिलना चाहिये । मैं समझता हूं कि पड़ौसी को भी देना अच्छा ही है । खुद खावें और पड़ौसी को न दें तो वह हज़म नहीं होगा । इस लिये पड़ौसी को भी देना चाहिये । हम और आप सभी यहां बसते हैं तो अगर वहां से दूध यहां आता है तो कोई बुरी बात नहीं । यह इलाका जो है वह बेहतरीन तौर पर दिल्ली को भी और दिल्ली के आस-पास के बाकी इलाकों को भी सारी चीजें चाहे वह खुराक की हों, चाहे मिल्क की प्राडक्ट्स हों, सप्लाई कर सकता है । इसलिये इस की उन्नति की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं सप्लीमेंट्री डिमांड्स को सपोर्ट करता हूं और आशा करता हूं कि हिन्द सरकार अपने खजाने से इसकी बेहतरी के लिए और ज्यादा पैसा देगी ।

**श्री सूरज भान** (अम्बाला) उपाध्यक्ष महोदय, आज लोक सभा में हरयाना की ऐडीशनल ग्रान्ट का मामला क्यों आया है, मैं इस संबंध में एक शायर की शायरी के लफ्ज़ों की थोड़ी तबदीली दे कर रखना चाहता हूं :

भंवरे ने तो इक फूल की निघत लूटी ।<br>
अफलास ने मुफलिस की मुसर्रत लूटी ।<br>
श्री चह्वाण ने गवर्नर का सहारा लेकर,<br>
हरयाने में जम्हूर की अज़मत लूटी ।

गवर्नर साहब की रिपोर्ट पिछली बार हम ने पढ़ी । उस में दो-तीन वजूहात लिखे थे कि इन की बिना पर हरयाना की असेम्बली को तोड़ा गया । इन में से एक दल-बदल है । दल-बदल को मैं भी बुरा समझता हूं । लेकिन दल-बदल के कारण हरयाने की असेम्बली तोड़ी जाती है और पंजाब में दल-बदल करनेवालों को गद्दी दी जाती है, बंगाल में दल-बदल करनेवालों के सिर पर ताज रखा जाता है । यह डबल स्टैंडर्ड क्यों अप्लाई किया जाता है । दूसरी वजह यह कही गई थी कि ऐडमिनिस्ट्रेशन में कमी है । चौधरी रणधीर सिंह कह रहे थे कि वहां का ऐडमिनिस्ट्रेशन बहुत खराब और बहुत बदतर हो चुका था । ऐसी बात नहीं है । अगर कहीं का ऐडमिनिस्ट्रेशन खराब है तो वह आज काश्मीर का है जहां कोई भी हिन्दू मर्द या हिन्दू देवी सिर उठा कर नहीं चल सकती । वहां पर प्रेज़ीडेंट का रूल क्यों नहीं लागू किया गया ? हरयाने में क्यों लागू किया गया ? तीसरी वजह यह भी कही गई थी कि वहां पर वज़ारत बड़ी थी । हरयाने की वज़ारत बड़ी होने का कारण क्या था ? राव वीरेन्द्र सिंह ने वज़ारत बनाई । सिर्फ पन्द्रह आदमी उस में थे । किन्तु वज़ारत बड़ी उन्हें इसलिये बनानी पड़ी कि कांग्रेस के भाइयों ने राव वीरेन्द्र सिंह की टांग पकड़ कर खींचना शुरू कर दिया । इस की ज़िम्मेदारी हमारे कांग्रेसी भाइयों पर है । और किसी पर नहीं । यह वजहें हैं जो गवर्नर साहब ने दी हैं । लेकिन असली वजह क्या है ? असली वजह यह है जिस को तरफ गवर्नर साहब ने भी इशारा दिया है कि कांग्रेस अपोज़ीशन पार्टी का रोल ठीक तरह से अदा नहीं कर सकी ।

और दूसरी वजह जो अन्दरूनी वजह है वह यह है जो मैं बताना चाहता हूं। हरयाना के एक वज़ीर, उन का नाम मैं नहीं लेना चाहता, वह असेम्बली में गये थे। उस से पहले वह अपनी धर्मपत्नी को कार में अपनी ससुराल छोड़ कर आये और यह कहा कि यह कार वापस आयेगी लेने के लिये। लेकिन बदकिस्मती से वज़ारत टूट गई। कार दोबारा मिली नहीं और उन की धर्मपत्नी अब भी वहीं बैठी हैं। दूसरी वजह यह है कि वह लोग वहां रीं-कंसाइल नहीं कर पाये अपोजीशन का रोल अदा करने के लिये।

उपाध्यक्ष महोदय, वहां पर गवर्नरी रूल लागू किये जाने की असल वजह यह थी कि कांग्रेस पार्टी में खुद इस बात पर समझौता नहीं हो सका कि उन का लीडर कौन हो। पं० भगवत दयाल, देवी लाल और रिज़क राम में अगर फैसला हो जाता तो वहां पर कांग्रेस की वज़ारत बनती, चूंकि वहां फैसला नहीं हो सका, इस लिये वहां की असेम्बली को तोड़ दिया गया।

जनाब, मैंने यहां पर एक सवाल पूछा था कि हरियाणा के पिछले इलेक्शन पर कितना खर्च आया। मुझे जवाब में बताया गया कि 9 लाख एक हज़ार रूपये खर्च हुए। उम्मीदवारों के खर्चे की बाबत भी मैंने पूछा था, जो कि नहीं बताया गया। अब दोबारा इलेक्शन होने पर लाज़मी तौर पर सरकार को 10 लाख रुपये खर्च करने होंगे। इस मरकज़ी सरकार की यह इन्टेन्शन है कि सरकारी खज़ाने से 10 लाख रुपये खर्च कर के हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को फिर से बरसरे-इक्तदार लाया जाये, लेकिन मैं यह बता देना चाहता हूं कि वह अपने इस ख्वाब को पूरा नहीं कर सकेगी। चौधरी रणधीर सिंह जी ने अपनी तकरीर में कहा कि अभी वहां पर गवर्नरी राज को दो साल तक चलाया जाये——अपनी बात की ताइद के लिये उन्होंने कुछ भद्र पुरुषों के नाम भी लिये——जिनमें पं० श्री राम शर्मा और चौधरी लहरी सिंह का उन्होंने नाम लिया, लेकिन मुझे अफसोस है कि उन्होंने ऐसे नाम लिये कि जिनकी इलेक्शन लड़ने की हिम्मत ही नहीं हो सकती इस लिये मैं उनकी इस बात को कोई अहमियत नहीं देता। हरियाणा की जनता इस गुलामी से तंग आ चुकी है और वह चाहती है कि जल्द से जल्द वहां पर इलेक्शन हों ताकि उन के चुने हुए नुमाइन्दे वहां आ सकें। वह इन आया-रामों और गया-रामों को समझ चुकी है और वह दोबारा इन को वहां हरगिज़ नहीं लायेगी। इस दल-बदल की रवायत को इसी कांग्रेस पार्टी ने डाला है और वह ऐसे लोगों को भेज कर फिर से उस को दोहराना नहीं चाहती।

उपाध्यक्ष महोदय, असेम्बली का टूटना उस सूबे के लिये बहुत दुखदायी है। जिस वक्त चह्वाण साहब महाराष्ट्र से सेन्टर में आये थे और उन्होंने आते ही इस बात का ऐलान किया कि वे देश के बार्डर से हमारे देश के दुश्मनों का सफाया कर देंगे, इस से लोगों के दिलों में उन के प्रति बहुत श्रद्धा पैदा हुई थी और जब तक वह डिफेन्स मिनिस्टर रहे, उन्होंने कुछ हद तक देश की उम्मीदों को पूरा भी किया। जिस वक्त वह गृह मंत्री बने और उन्होंने कहा कि वह देश से देश-विरोधियों का सफाया कर देंगे, इस से भी लोगों के दिलों में कुछ उम्मीदें बंधनी शुरू हो गई थीं, लेकिन बाद में उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया, जब उन्होंने देखा कि देश-विरोधियों का सफाया करने के बजाय वह देश से जमहूरियत का सफाया करने में लग गये। मैं इसे भी एक शेर में अर्ज़ करना चाहता हूं——

जा रहा है इक जनाजा दोश पर चह्वाण के,

ए दोस्त, देखना कहीं जम्हूर का मैयत न हो।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं कुछ प्वाइन्ट्स के बारे में कहना चाहता हूं। मैंने अभी अर्ज़ किया था कि हरियाणा एक बहुत बैकवर्ड इलाका है——

[श्री सूरज भान]

अम्बाला इसी बैकवर्ड इलाके का एक जिला है। आज तक उस जिले के डैवल्पमैंट के बारे में कुछ नहीं किया गया। चूंकि मुझे यह पहला मौका मिला है जब कि मैं हरियाणा के बारे में कांस्टीचूएन्सी वाइस भी इस पार्लियामेंट में कुछ कह सकता हूं, इसलिये मैं उस मौके का फायदा उठा कर कहना चाहता हूं। हरियाणा के हर जिले में एक गवर्नमेंट कालिज है। रोहतक जिले में पहले ही तीन कालिज थे और इस साल एक कालिज और खोल दिया गया है, लेकिन अम्बाला जिले की यह बद-किस्मती है कि वहां एक भी गवर्नमेंट कालिज नहीं है। मुझे अफसोस है कि इस ग्रान्ट में ऐसी कोई चीज नहीं है कि वहां पर भी एक गवर्नमेंट कालिज दे दिया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, सरदार प्रताप सिंह कैरो यूनाइटेड पंजाब के चीफ मिनिस्टर थे, उन में बहुत सी बुराइयां थी, लेकिन एक बात उन्होंने बड़ी समझ की की थी—उन्होंने सब की मिडिल तक की फीस माफ कर दी थी। बाद में जब राव वीरेन्द्र सिंह की सरकार आई, हालांकि जन संघ का उन को समर्थन था, हम ने उस वक्त भी इसका विरोध किया था, लेकिन उन्होंने मिडिल स्टैन्डर्ड तक फिर से फीस लगा दी। मैं इसको बुरा समझता था, लेकिन जब उन से कहा गया तो उन्होंने कुछ इन्कम ग्रुप रख दिया, कि 150 रु० माहवार तक की आमदनी वालों को इससे बरी रखा जाये। इससे घाटा किसको होता है? जो दुकानदार हैं, जिनकी आमदनी एक हजार रुपये माहवार है, वे मजिस्ट्रेट से जाकर 100 रु० माहवार की आमदनी का सर्टिफिकेट ले आते हैं, लेकिन जो गवर्नमेंट मुलाजिम है, वह अपनी आमदनी को कम कर के नहीं दिखा सकता, जिसका नतीजा यह होता है कि इन लोगों को यह नुकसान उठाना पड़ता है। मैं चाहता हूं कि इस पर फिर से गौर किया जाये। एक बात और बड़ी दुखदाई है, जिसका जिक्र इन ग्रांट्स में नहीं किया गया है—मैंने अखबारों में पढ़ा है, कि वहां के गवर्नर महोदय वहां के जो स्कूल हैं, उन की फीसों को बढ़ाना चाहते हैं—यह बहुत बुरी बात होगी। कम से कम वहां पर 9वीं जमायत तक की फीस माफ होनी चाहिये, लेकिन अगर आप माफ कर नहीं सकते, तो उसको बढ़ाना तो नहीं चाहिये।

अब मैं एक बात एजूकेशन के सिलसिले में और कहना चाहता हूं। मैं नाम तो नहीं लेना चाहता लेकिन वहां पर एक डाइरैक्टर आफ लैंग्वेजेज हैं। उन के खिलाफ कितने ही इल्जामात हैं, मैं उस में नहीं जाना चाहता, लेकिन एक बात कहना चाहता हूं कि उन साहब ने कुछ एजूकेशनल इम्तिहानात पास किये थे। जब प्राज्ञ और विशारद का इम्तिहान दिया तो उस में अपनी डेट आफ बर्थ 11-2-1907 लिखी, जब शास्त्री तक इम्तिहान पास किया तो उसमें डेट आफ बर्थ 6-2-1907 लिखी, जब संस्कृत में एम०ए० पास किया तो कोई डेट नहीं लिखी, लेकिन जिस वक्त नौकरी में दाखिल हुए तो उस वक्त अपनी डेट आफ बर्थ 20-9-1916 बताया यानी सात साल का फर्क डाल दिया। बाद में जब यह वाकया सरकार के सामने आया तो राव वीरेन्द्र सिंह की सरकार ने उन के खिलाफ एक्शन लिया, लेकिन अब मुझे मालूम हुआ है कि उनकी फाइल को दबाया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस पर पूरा ध्यान दें।

मैंने यह भी सुना है कि हरियाणा में आबियाने का रेट बढ़ाने की बात की जा रही है। यह बहुत गलत कदम होगा। यह बात अखबारों में आई है, चुनांचे मैं आपके जरिये हरियाणा के एडमिनिस्ट्रेशन से और फाइनेंन्स मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि जमींदार आज वहां पर पहले ही पिसा हुआ है, उस के ऊपर आबियाने का रेट हरगिज न बढ़ाया जाये, ताकि अनाज पैदा करने की उन की शक्ति कम न होने पाये।

हरियाणे में कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पीने का पानी नहीं मिलता है। अम्बाला शहर में पीने के पानी की गर्मियों में बहुत दिक्कत होती

है, इसी तरह से झझर और भिवानी तहसीलों में भी पीने के पानी का कोई साधन नहीं है। मैं चाहता हूं कि उन जगहों पर पीने का पानी जरूर मिलना चाहिये ।

हरिजनों के बारे में यहां पर कुछ कहा गया है, इस अनुदान में भी जिक्र किया गया है। लेकिन एक बिटर-फैक्ट आपके सामने रखना चाहता हूं। जिस दिन से हरियाणा एक्जिस्टेन्स में आया, उस दिन से ले कर आज तक हरिजनों के लिये एक पैसा भी वहां पर खर्च नहीं किया गया है। उनके वेलफेयर की जितनी भी स्कीमें थीं, सब गवर्नमेंट के कागजों में पड़ी हुई हैं। मैं चाहता हूं कि उन स्कीमों पर लाजमीतौर से अमल किया जाय ।

हिन्दुस्तान भर में क्लास 4 से क्लास 3 में आने के लिये प्रमोशन का रिजर्वेशन है। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि क्लास 1 और 2 के लिये भी इजाजत दी थी वह तो होम डिपार्टमेंटने उड़ा ही दी, लेकिन हरियाणा ही एक ऐसा सूबा है, जहां पर हरिजनों के लिये तीसरे और चौथे दर्जों के प्रमोशन की रियायत को भी उड़ा दिया गया है। मैं यह मांग करता हूं कि क्लास 4 से 3 में आने के लिये उन के प्रमोशन को रेस्टोर किया जाये ।

मैंनें अभी अर्ज किया था कि अम्बाला काफी बैकवर्ड जिला है । हमारे यहां अभी हाल में कपाल-मोचन का मेला हुआ था । उस मेले में जमनानगर स्टेशन पर आउटगोइंग टिक्टस जो रेलवे ने बेचे, वह 50 हजार रुपये के थे, अगर दोनों तरफ से लगायें तो रेलवे को एक लाख रुपये की आमदनी हुई और यह आमदनी हर साल होती है। जमनानगर के अलावा हरियाणा में औरभी स्टेशन्ज हैं, जहां से रेलवे को काफी आमदनी होती है, लेकिन रेलवे ने वहां के लोगों की सुविधा के लिये कुछ नहीं किया है। मेरा निवेदन है कि जगाधरी-यमुनानगर को चण्डीगढ़ से रेलवे लाइन के जरिये लिंक जरूर कीजिये ।

**श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, अभी हरियाणा के बारे में रणधीर सिंह जी ने भाषण दिया, मैं उनकी बहुत सी बातों की ताइद करता हूं। हरियाणा के बारे में बोलने का मुझे भी अधिकार है, क्योंकि मैं अम्बाला में पैदा हुआ था, मेरी माताजी करनाल में पैदा हुई और नानाजी पैदा हुए अम्बाला में।···· (व्यवधान)

**श्री रणधीर सिंह** : मेरा भाई इधर आ जाय तो अकल आ जायगी ।

**श्री स० मो० बनर्जी** : मुसीबत यह है कि हरियाणा उधर है, लेकिन अकल इधर है ।

तो मैं निवेदन कर रहा था कि उस वक्त हिन्दू मुस्लिम, इत्तहाद इतना ज्यादा था कि अम्बाला में जिस स्कूल में मैं पढ़ता था उसका नाम "हिन्दू मोहमडन हाई स्कूल" था । उसके बाद उसका नाम कैन्टूनमेंट बोर्ड हाई स्कूल रखा गया । चौधरी साहब की एक बात मेरी समझ में नहीं आई कि जब राष्ट्रपति शासन का उन्होंने स्वागत किया, उस को वहां पर दो साल तक रखने की ताईद उन्होंने कैसे की। उनकी यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। कोई भी प्रान्त हो—चाहे वह हरियाणा हो, पंजाब हो, बंगाल हो, अगर वहां पर राष्ट्रपति का शासन लागू किया जाता है और वहां के लोग यह चाहते हैं कि उनके द्वारा चुनी हुई सरकार वहां पर हो, तो उसको उससे वंचित कैसे किया जा सकता है। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि राष्ट्रपति शासन वहां पर इसलिये जरूरी था कि राव वीरेन्द्र सिंह की सरकार के 6 या 8 महीने के जमाने में इतनी करप्शन आ गई थी, कि ऐसा भ्रष्टाचार चौधरी साहब को कभी नजर नहीं आया ।

मैं कहना चाहता हूं कि 20 साल के कांग्रेसी शासन के बाद क्या वह समझते थे कि जो भी सरकार वहां बनेगी वह सारे भ्रष्टाचार का निसारण करेगी ?

अभी आया राम और गया राम की बात कही गई 20,000 और 40,000 का भी जिक्र किया गया। वैसे आप तो यह चाहेंगे कि राष्ट्रपति का शासन तब तक वहां हरियाणे में

[श्री स० मो० बनर्जी]

बना रहे, 2 साल बना रहे जब तक वहां की जनता, पूरी जनता जयजय राम या जय जय चहाम्म न हो जाय और उसके बाद वहां पर सरकार बनेगी। लेकिन मेरा कहना है कि यह बिलकुल गलत है। यह डबल स्टैन्डर्ड बिलकुल गलत है। अगर आपको हरियाणे में राष्ट्रपति का शासन करना है तो फिर बंगाल में भी राष्ट्रपति का शासन करिये, और वहां पर चुनाव करिये। वहां पर आखिर चुनाव क्यों नहीं करवाया जाता? मेरा कहना है कि आज अगर हरियाणे में 2 साल के लिए राष्ट्रपति का शासन रहेगा तो हरियाणे की वह बहादुर जनता, वहां के वह बहादुर लोग जिहोंने कि डोगराई के इलाके में, बर्की के इलाके में या खेमकरण के इलाके में जिन्होंने पाकिस्तान का मुकाबला किया, संगीनों का मुकाबला किया तो हो सकता है कि प्रजातंत्र के उसूलों की हिफाजत करने के लिए वह राष्ट्रपति के शासन का भी मुकाबला करेंगे। बाकी मैं समझता हूं कि राष्ट्रपति का शासन वहां पर चलने देना गलत चीज है। इन शब्दों के साथ मैं अपने दल की ओर से व अपनी ओर से दुबारा कहना चाहता हूं कि हम चाहते हैं कि राष्ट्रपति के शासन का जितनी जल्दी संभव हो सके उसका खात्मा हो और वहां पर चुनाव हो ताकि चुनी हुई सरकार वहां पर बने। मुझे पूरा विश्वास है कि अगर चुनाव वहां पर हो गये तो जितने कांग्रेसी आज नजर आ रहे हैं उतने भी वहां पर उसके बाद नजर नहीं आयेंगे। मैं चौधरी रणधीर सिंह को डराना नहीं चाहता क्योंकि मिडटर्म एलैक्शंस में पार्लियामेंट के मैम्बर्स एफैक्टेड नहीं होते हैं और इसलिए वह तो यहां पर मैम्बर रहेंगे लेकिन दूसरे वह एम० एल० एज० जो इस्तीफा दे रहे हैं, मुझे विश्वास है कि हरियाणा की जनता उनको भी कभी नहीं चुनेगी।

**श्री अ० सिं० सहगल** (बिलासपुर): उपाध्यक्ष महोदय, यह जो सप्लीमेंट्री डिमांडस और ग्रान्ट्स हरियाणे के लिये सदन के सामने पेश की गई है मैं उनकी ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

हरियाणे की तरक्की और विकास के लिए स्वर्गीय कैरों साहब ने काफी कोशिश की थी और उन्होंने यह चाहा था कि उसे हम जितना बढ़ावा दे सकते हैं वह बढ़ावा दें। लेकिन नतीजा उस वक्त यह हुआ कि वहां पर अलग अलग विचारधाराओं के लोग हो गये और जिसका कि परिणाम यह हुआ कि वहां पर जो कार्य होना चाहिये था वह नहीं हुआ। लेकिन मैं चाहूंगा कि हरियाणे के विकास की तरफ सरकार अधिक ध्यान दें और अधिक पैसा उसके लिए जुटायें। अगर आप अपने डिफैंस डिपार्टमेंट की ओर नजर डालेंगे तो देखेंगे कि आपकी सुरक्षा सेनाओं में सबसे ज्यादा तादाद हरियाणे के लोगों की है। अभी हाल में पाकिस्तान व चीन के साथ भारत का जो झगड़ा हुआ था उस युद्ध में हरियाणा के लोगों ने काफी बड़ी संख्या में चीन व पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की मदद की थी और दुश्मनों का मुकाबला किया था। यह भी ठीक है कि जिस तरीके से हमें उन लोगों की मदद व उनकी तरक्की का काम करना चाहिए था वह अभी पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है बाकी मुझे विश्वास है कि सरकार उस ओर से गाफ़िल नहीं है। आज वहां पर राष्ट्रपति का शासन कायम है लेकिन यह निश्चित बात है कि वह राष्ट्रपति का शासन ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा क्योंकि कोई भी चीज जो जनता की होती है और जनता के लिए बनाई जाती है उसमें ज्यादा दिन तक किसी एक खास व्यक्ति का, चाहे वह सभापति हो या चाहे वह राष्ट्रपति हो, या गवर्नर हो, उसका रूल वहां पर चल नहीं सकता है। मुझे आशा है कि हरियाणे में राष्ट्रपति के शासन का अंत शीघ्र संभव हो सकेगा और जो अभी वहां पर नये चुनाव होने वाले हैं उनमें जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी और जाहिर है कि वह जिस पार्टी अथवा उम्मीदवार को चाहे वह चुन कर असेम्बली में भेज सकती है। लेकिन लोगों के लिए अर्थात जनता के लिये यह देखना उचित होगा कि वह इस चुनाव में केवल ईमानदार, अनुभवी व योग्य व्यक्तियों को ही अपने वोट देकर

दिखाये जो कि इस ऐडमिनिस्ट्रेशन को अच्छे तरीके से चला सकते हों। ऐसे ही लोगों को इसमें आना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं हरियाणे की जो बजट डिमांड्स हैं उनका समर्थन करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE SHRI K. C. PANT) : Sir, so far as the demands are concerned, there is nothing much for me to say, because there really has been no opposition to these demands from any of the speakers who have taken part in this debate. They have accepted the demands and those of them who have referred to specific demands have lent their support to them. I am grateful to them for this.

There has naturally been some reference to the problems of Haryana and to the need for taking certain measures to accelerate the growth and developmental process in Haryana. I am sure we can all have sympathy with this expression of views and I am sure the Government will also try to do its best to help in this matter. We are all aware of the glorious martial traditions of Haryana and of the part played by Haryana not only in the freedom struggle but also in the re-construction of this region of the country. After independence they have contributed signally in many spheres of our life. Now that they have formed a separate State I think this House should take this opportunity to wish this new born State all success and all prosperity.

Many of the problems to which reference was made are really a throwback on the time when Haryana was a part of a larger State. Without going into the merits of the question of whether or not Haryana was happy in the larger State, what was the degree of progress achieved by the various constituent units of the erstwhile Punjab State, because my hon. friend Shri Hemraj referred to the difficulties of the hill area, I would only like to say now that since Haryana is a State and it has the powers of a State it will itself look into the various problems like education, irrigation and community development, to which a reference was made during the debate and which will now come entirely within the purview of the Haryana State Government, and attend to the needs of the people.

I would only say that Shri Randhir Singh's reference to the low place given to education in the budget of Haryana is not quite correct. These are only Supplementary Demands. The main budget provides for a fairly large amount under the head 'education'. Over Rs. 10 crores is being spent on education in the current year out of a total revenue budget of Rs. 57 crores. This amounts to 18 per cent of the revenue spent on education. I hope the House will agree that this is a fairly reasonable allocation to education.

So far as the reference made by Shri Randhir Singh to the facilities being given to Harijans is concerned, I am sure all sections of the House will welcome these Demands as they are only doing what is a matter of historical justice to this section of our community.

Shri Bharati referred to various points. He referred to the fact that no reference was made in these Demands to animal husbandry. Again I would remind him that these are only Supplementary Demands. In the main budget Rs. 34 lakhs have been provided for animal husbandry. So far as his reference to the dam on the river Tons is concerned, this is a matter which concerns the various State Governments and this can only be looked into after consulting the various State Governments. This is already being done (*Interruption*).

I was a little surprised when Shri Bharati referred, somewhat unexpectedly, to the fact that children from Delhi go to Haryana colleges. He

[Shri K. C. Pant]

said that Haryana should get compensation for that. I think he spoke in a moment of heat. Surely, in this country, children of Delhi are also children of Haryana and also children of Uttar Pradesh. We cannot possibly differentiate between the children of one State and another and if educational facilities are available in any State they should be happy to make these facilities available to the children of neighbouring States or even for off States. Then only national integration and national existence can have any meaning and any sense.

17 Hrs.

So far as the point raised by Shri Randhir Singh, about holding the elections again after two years, or continuing President's Rule for two years is concerned, for a moment I thought that Shri S. M. Banerjee agreed with all that Shri Randhir Singh has said because I found him lending support to the speech of Shri Randhir Singh. But, then, he corrected himself in time and said in fact what we have been saying all along, namely, holding these elections as early as possible and feasible. In any case, the Constitution provides that President's Rule can continue for a certain period of time after which, again, certain measures have to be taken, and that period of time happens to be only six months. So, I can assure Shri Banerjee and other friends that the government is not keen to prolong the state of affairs in Haryana, which is an unfortunate state of affairs.

This is no time for me to go into all that has happened in Haryana that caused the imposition of President's Rule. A debate has taken place in this House on that, all sections of the House have expressed their views on this matter and it is hardly proper or necessary for me to go into all that. But I do think that we all appreciate the fact that what happened in Haryana did not add to the dignity of democratic process and, in fact, it brought it into contempt. The crossing of the floors and defections went on to a point where perhaps the true intentions of the electorate in giving their verdict was nullifid. So, in this situation there was really no remedy available except to go back to the people, and hence this step was taken and it is now for us to decide early these mid-term elections can be held.

Shri Banerjee expressed the view that the Congress MLAs would not come in large numbers in the reconstituted Haryana Assembly. He is entitled to hold that view. He was good enough to concede that Shri Randhir Singh will continue for the next four years. For that, I think Shri Randhir Singh should be grateful to him.

SHRI NAMBIAR: That is because there is not going to be any byeelection for his seat.

SHRI K. C. PANT: For this explanation also I am grateful to the hon. member.

But if Shri Banerjee is entitled to his views, I hope he will not mind if I express my views, and it so happens that my views are entirely contradictory to his. I think the Congress Party alone is capable of giving a clean and capable administration to the State of Haryana.

SHRI NAMBIAR: Question.

17.05 Hrs.

[Mr. Speaker *in the Chair*]

MR. SPEAKER: I will now put all the cut motions to the vote of the House.

*All the cut motions were put and negatived.*

MR. SPEAKER: The question is:

"That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the order paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of State of Haryana to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1968, in respect of the following demands

entered in the second column thereof—

Demands Nos. 16, 42, 44, 47, 49 and 52."

*The motion was adopted.*

---

**17.05½ hrs.**

HARYANA APPROPRIATION BILL*, 1967

THE MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. C. PANT): Sir, on behalf of Shri Morarji Desai, I beg to move for leave to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Haryana for the services of the financial year 1967-68.

MR. SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Haryana for the services of the financial year 1967-68."

*The motion was adopted.*

SHRI K. C. PANT: Sir, I introduce† the Bill.

Sir, on behalf of Shri Morarji Desai, I beg to move‡:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Haryana for the services of the financial year 1967-68, be taken into consideration."

MR. SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Haryana for the services of the financial year 1967-68, be taken into consideration."

श्री महाराज सिंह भारती (मेरठ): हरियाणा की मांगों पर बोलते हुए मैंने कहा था कि शिक्षा के सम्बन्ध में दिल्ली की कुछ अजीब नीति है। दिल्ली एक ऐसी जगह है जहां पर पूरे हिन्दुस्तान की आमदनी को बैठ कर खाया जाता है। दुनिया भर में तो टैक्स लगते हैं लेकिन वह सब रुपया इकट्ठा हो कर यहां आ जाता है और यहां दिल्ली की सरकार उसको खर्च करती है। अगर आप यह जानना चाहें कि किस सूबे में वहां के लोगों की हैसियत क्या है तो आप चीनी का हिसाब देख लो। प्रति व्यक्ति जहां-जहां जितनी चीनी खपती है वहां वहां के लोग उतने ही सुखी होते हैं। यह आज के जमाने की बात है। अगर आपने इसको देखा तो आपको पता चल जायगा कि दिल्ली कितनी सुखी है।

दिल्ली की अपनी कोई सीमा है नहीं। दिल्ली के पास बसने के लिए जगह है नहीं। दिल्ली के चारों तरफ यहां के बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं। दिल्ली को पानी पीने के लिये चाहिए होता है तो उत्तर प्रदेश वालों को कहते हैं कि आप अपने यहां पचास ट्यूब वैल लगा दो। बच्चे दिल्ली के पढ़ने के लिये दिल्ली के चारों तरफ जाते हैं। दिल्ली के बच्चे मेरे अपने बच्चे हैं। उत्तर प्रदेश में जायें, हरियाणा में जायें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। इन बच्चों से मुझे कोई द्वेष नहीं है। पूरे हिन्दुस्तान के बच्चे पढ़ें-लिखें, मुझे खुशी होगी। दिल्ली के बच्चे खुशी से किसी भी सूबे में जाकर पढ़ सकते हैं। कोई रोक नहीं है। लेकिन इस वक्त यह प्रश्न नहीं है। इस वक्त प्रश्न यह है कि दस करोड़ रुपए का बजट आप शिक्षा का हरियाणा के लिए बना रहे हैं। दिल्ली के लिए तो आप बना नहीं रहे हैं। बजट बना रहे हैं हरियाणा के लिए और उसी बजट में से एक बड़ा हिस्सा खर्च किया जाएगा उन कालेजों और स्कूलों के लिए जिन में दिल्ली के बच्चे पढ़ने के लिये

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, section 2, dated 21-12-1967.

‡Moved with the recommendation of the President.

†Introduced with the recommendation of the President.